# कार्यालयः प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002,Phone-0651-2481909 e-mail-pccf-jhk@gov.in


कार्यालय आदेश संख्या : – 163 दिनांक :– 16.09.2026

प्रत्येक वर्ष 11 सितंबर को देश भर में **'वन शहीद दिवस'** (Forest Martyrs Day) के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्धेश्य कर्त्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वन अधिकारियों एवं कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करना और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

झारखण्ड राज्य वन विभाग के अंतर्गत कर्त्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों की स्मृति में राज्य वन प्रशिक्षण संस्थान (SFTI), महिलौंग, राँची के परिसर में एक वन शहीद स्मारक (Forest Martyrs Memorial) का विकास किया गया है। विभाग के सभी कर्मियों में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और बलिदान के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि इस दिवस को विभागीय स्तर पर एक संस्थागत, उत्तरदायी और अत्यंत गरिमापूर्ण उत्सव के रूप में मनाया जाय।

तद्नुसार निदेशक, राज्य वन प्रशिक्षण संस्थन, (SFTI), महिलौंग, राँची को निम्नलिखित निर्णय लिए जाते हैं :–

1. SFTI महिलौंग, राँची में स्थापित Forest Martyrs Memoral वन विभाग का राज्य स्तरीय memorial होगा।

2. निदेशक, राज्य वन प्रशिक्षण संस्थन, (SFTI), महिलौंग, राँची प्रतिवर्ष 11 सितंबर को महिलौंग स्थित शहीद स्मारक पर वन शहीद दिवस के अवसर पर एक भव्य और गरिमापूर्ण श्रद्धांजलि समारोह के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ (जैसे–परेड, गार्ड ऑफ ऑनर, पुष्पचक्र अर्पण, और शहीद परिवारों व वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता) समय पर सुनिश्चित करेंगे

3. स्मारक का रख–रखाव एवं विकास : निदेशक, राज्य वन प्रशिक्षण संस्थन, (SFTI), महिलौंग, राँची इस स्मारक के निरंतर रख–रखाव और इसके विकास (Further Development) के लिए कार्य करेंगे ताकि यह स्थल भावी पीढ़ियों और वन कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहे।

4. समन्वय : इस आयोजन को संपन्न कराने हेतु सभी क्षेत्रीय प्रमंडलों, वन प्रमंडल पदाधिकारियों (DFO) और संबंधित वन अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा।

ह0 /–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख,
झारखण्ड, रांची।

ज्ञापांक :– 3223 दिनांक :– 16.09.2026

प्रतिलिपिः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मानव संसाधन, झारखण्ड, राँची/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कैम्पा, झारखण्ड, राँची/ अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, झारखण्ड, राँची/क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक (सभी)/मुख्य वन संरक्षक (सभी)/वन संरक्षक (सभी)/ निदेशक, राज्य वन प्रशिक्षण संस्थन, (SFTI), महिलौंग, राँची को अनुपालनार्थ /वन प्रमंडल पदाधिकारी (सभी)/आई. टी. सेल, वन मुख्यालय, राँची (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sanjiv 16/09/2026

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख,
झारखण्ड, रांची।